**GREEN LAWNS HIGH SCHOOL**
**FINAL EXAMINATION 2025 -2026**
**SUBJECT – HINDI**

**CLASS – 7th A,B,C** **MARKS – 80**
**TIME – 2 HOURS** **DATE –09/03/2026**

---

**सूचना : प्रश्न 1 से 4 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तर पुस्तिका पर ही लिखिए और प्रश्न 5 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर question paper पर ही लिखिए ।**

## SECTION – A

**प्रश्न 1- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध लिखिए - [10]**

(i) महात्मा गाँधी
(ii) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(iii) मेरा सपना
(iv) मेरा सबसे यादगार दिन

**प्रश्न-2 -निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। [7]**

i) आप अपने मित्र के निमंत्रण पर पहली बार समुद्र तट पर बसे किसी स्थान पर गए। अपने अनुभव बताते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए।
ii) आपके विद्यालय में खेल-सामग्री की कमी है। खेल-सामग्री खरीदे जाने हेतु अपनी प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 3- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। [10]**

यह एक विचित्र कथा है। एक समय एक मनुष्य ने अपने हाथों की उंगलियों का मत जानना चाहा कि आख़िर वे आपस में कैसे रहते हैं? सबसे पहले उसने अंगूठे से पूछा तो अंगूठा ने उत्तर देते हुए कहा कि अगर हम नहीं होते तो किसी को मजबूती से पकड़ना मुश्किल होता। फिर मनुष्य ने तर्जनी अंगुली का मत जानना चाहा तो तर्जनी उंगली के तरफ से उत्तर आया कि अगर हम नहीं होते तो मानव मार खा सकता है। क्योंकि मैं ही किसी को उसकी औकात में रहने के लिए उत्सुक करता हूं। फिर मनुष्य ने मध्यमा अंगुली से पूछा कि तुम्हारा क्या मत है? मध्यमा अंगुली ने उत्तर देते हुए कहा कि अगर मैं नहीं होता तो मानव के कुछ गुप्त कार्य स्थगित हो जाते। अब बारी

आई अनामिका अंगुली की अनामिका अंगुली ने उत्तर देते हुए बोली कि हमारे अनुपस्थिति में मानव अपने मस्तक पर तिलक लगाने में असमर्थ होता।

अंत में बारी आई कनिष्ठका अंगुली की कनिष्ठका अंगुली से पूछा गया कि तुम तो छोटी हो और तुम किस कारण अपने अंदर अहम करती हो? तब कनिष्ठका अंगुली ने प्रश्न का उत्तर देते हुए बोली कि-हे मानव ! मैं किसी के प्रति अहंकार नहीं करती हूं। लेकिन आपने मुझ से पूछ ही लिया है तो मैं आपको स्मरण कराती हूं।

अगर मैं नहीं होती तो मानव अपनी जीवन काल में गुप्त संकेत करते हुए। अपनी उदर को अर्थात् लघुशंका अथवा शौच नहीं कर पाता। मैं यह भी मानती हूं कि दीर्घशंका के लिए प्रस्थान करने के लिए मुझे अनामिका अंगुली की सहायता लेनी पड़ती है। परंतु अगर मैं नहीं होती तो अकेले अनामिका भी कुछ नहीं कर पाती। एक और विशेष महत्व है हममें मुष्टिका बनाते समय मेरी सहायता सबसे अधिक पड़ती है। क्योंकि मेरे बिना मुष्टिका में पूर्ण शक्ति नहीं होती है। यदि आपको पूर्ण विश्वास नहीं है तो आप अभी मुष्टिका निर्माण करके अनुभव कर सकते हैं। तब मनुष्य ने सब अंगुलियों का अहंकार को जाना और सभी को समझाते हुए कहा कि तुम्हें भी कनिष्टका अंगुली की तरह अहंकार नहीं करनी चाहिए।

इस कहानी से हमें यह शिक्षा प्राप्त होती है कि हमें किसी प्रकार के कार्य में सफलता प्राप्त होने के पश्चात् या किसी भी समय अहंकार करना उचित नहीं होता है|

(i) कहानी के अंत में मनुष्य ने सभी उंगलियों को क्या समझाया?
(ii) तर्जनी उंगली और अँगूठे ने अपनी क्या विशेषता बताई ?
(iii) मध्यमा उंगली ने अपने महत्व के बारे में क्या कहा?
(iv) तिलक लगाने के लिए किस उंगली का उपयोग अनिवार्य बताया गया है?
(v) इस कहानी से क्या सीख मिलती है?

**प्रश्न 4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[15]**

(i) ऊधम मचाने वाले युवक को क्या सजा दी गई? इसका क्या परिणाम हुआ ?
(ii) 'बेटी बचाओ' कविता के माध्यम से कवि समाज को क्या संदेश देना चाहते हैं?
(iii) घोड़ा छिनने के भय से बाबा भारती की क्या दशा हो गई?
(iv) "बनकर बेटा दिखलाऊँगी" से कवि का क्या आशय है?
(v) मिनी को अठन्नी किसने दी थी? इससे क्या बवाल हुआ ?

**सूचना ; प्रश्न पत्र के सभी प्रश्नों के उत्तर प्रश्न के आगे दिए गए रिक्त स्थान में ही लिखिए**

**नाम : ___________________ कक्षा : 7th A B C अनुक्रमांक : ______**

---

**प्रश्न 5-निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए ।** **[4]**

**लेकर प्रथम अंक आऊँगी,**

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------------------------------------------------------------------

**नश्तर नहीं चुभाओ माँ।**

**प्रश्न 5-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। ।** **[5]**

**i) आश्रम में अक्षर ज्ञान के लिए कितने घंटे रखे गए थे?**

**उत्तर** ____________________________________________________

**ii) जाते-जाते खड्गसिंह ने बाबा भारती से क्या कहा ?**

**उत्तर** ____________________________________________________

**iii) बेटी पढ़-लिखकर क्या बनना चाहती है?**

**उत्तर** ____________________________________________________

**iv) आश्रम में गांधी जी का संयम किनके कारण था ?**

**उत्तर** ____________________________________________________

**v) घूसा तानकर रहमत क्या कहता ?**

**उत्तर** ____________________________________________________

प्रश्न 6- शब्दार्थ लिखिए : [3]

i) स्मरण= ______________ iv) वर्ग =____________________

ii) नश्तर = - ______________ v) अपाहिज = ---------------------

iii) इलाका = - ________________ vi) नेकी = -----------------------

प्रश्न 7- किसने- किससे कहा:- [2]

(I) "बाबूजी ! रामदयाल दरबान 'काक' को 'कौआ' कहता है।"

उत्तर_____________________________ने _______________________से कहा

(II) "ओ बाबा ! इस कँगले की सुनते जाना।"

उत्तर_____________________________ने _______________________से कहा

प्रश्न 8- सही कथन के सामने (√) और गलत कथन के सामने (x) का निशान लगाइए-[2]

I) लेखक के पड़ोसी ने रहमत से अंगूर खरीदा था ।

II) किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर आनंद आता है

III) आश्रम के सब बालक मुख्यतः निरक्षर थे।

IV) लेखक ने अपने उपन्यास का बीसवाँ अध्याय लिखना शुरू किया था।

प्रश्न9- निर्देशानुसार उत्तर लिखिए -

1)' निम्नलिखित शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - [3]

क) पुष्प =---------------------------- -----------------------------------

ख) शत्रु = ----------------------------- -----------------------------------

ग) हनुमान = ------------------------------- -----------------------------------

2) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - [3]

i) एक × --------------------- iv) हिंसा----------------------

ii) जंगली × --------------------------- v) गरमी= --------------------

iii) भूत × ------------------- vi) सरल ×-----------------------

3) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - [3]

(i) किसी की शरण में आया हुआ = ------------------------------------

(ii) सब कुछ जानने वाला = ________________________________

(iii)श्रेष्ठ कुल में जन्म लेने वाला =________________________

(iv)जिसके मन में कोई कपट न हो = ______________________

(v) जिसका पति जीवित हो = _______________________

(vi)स्वयं सेवा करने वाला = ____________________

4) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो- दो अर्थ लिखिए:- [3]

(i) नग =------------------------------, ________________________

(ii) कृष्ण = ---------------------------- ________________________

(iii)हार = ----------------------------- ________________________

5) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए [3]

(i) नमक = -------------------------------- iv) दया = ----------------------

(ii) भारत = -------------------------------- v) गुण = ----------------------

(iii) देव = --------------------------------- vi) रक्त = ---------------------

6) निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए:- [3]

i) अन्न =______________________________ अन्य= ____________________________

ii) शुल्क = ___________________________ शुक्ल =______________________________

iv) हाल =______________________________ हाल =______________________________

7) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए - [4]

i) हवा से बातें करना =____________________________________________

ii) हँसी-खेल समझना =_____________________________________

iii) रूह काँपना =__________________________________________

iv) प्राणों की बाज़ी लगाना - __________________________________________